# भारतजेन: भारत का पहला AI आधारित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल

स्रोत: पी.आई.बी

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने "**भारतजेन (BharatGen)**" – **भारतीय भाषाओं के लिये देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित, सरकारी वित्तपोषित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल** का शुभारंभ किया।

## भारतजेन (BharatGen):

- **परिचय:** यह **22 भारतीय भाषाओं** में **भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित** , **सरकार द्वारा वित्तपोषित मल्टीमॉडल** लार्ज लैंग्वेज मॉडल है।
    - **मल्टीमोडल LLMs (लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स)** वे बड़े भाषा मॉडल हैं जिन्हें विभिन्न प्रकार के डेटा **(जैसे- टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो और वीडियो)** पर प्रशिक्षित किया जाता है। जो उन्हें जटिल मानव भाषा तथा मल्टीमीडिया को समझने एवं व्याख्या करने में सक्षम बनाता है।
        - अनेक डेटा प्रकारों में सुसंगत प्रतिक्रिया प्रदान करने की उनकी क्षमता, उन्हें यूनिमॉडल की कमियों को दूर करने में मदद करती है, जैसे कि ChatGPT के पिछले संस्करण।
- **विकास:** नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टिम्स (NM-ICPS), **IIT बॉम्बे में IoT और IoE के लिये TIH फाउंडेशन** द्वारा कार्यान्वित।
    - **NM-ICPS को वर्ष 2018** में **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** द्वारा साइबर-भौतिक प्रणालियों (CPS) तथा **नए युग की प्रौद्योगिकियों में नवाचार तथा अनुसंधान एवं विकास** को बढ़ावा देने के लिये लॉन्च किया गया था।
- **उद्देश्य:** भारतीय मूल्यों पर आधारित **नैतिक, समावेशी, बहुभाषी AI को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा और शासन में क्षेत्र-विशिष्ट समाधान** प्रदान करना तथा स्थानीय भाषा बोलने वाले AI संचालित **ग्रामीण टेलीमेडिसिन** को बढ़ावा देना।
- यह पहल **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)** द्वारा समर्थित है तथा इसमें प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, विशेषज्ञों एवं नवोन्मेषकों का एक मज़बूत गठबंधन शामिल है।

| विशेषता/पहलू | लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) | जनरेटिव एडवर्सरियल नेटवर्क (GANs) | ऑटोरिग्रैसिव मॉडल (ARMs) |
|---|---|---|---|
| **परिभाषा** | मानव जैसी भाषा उत्पन्न करने के लिये बड़े टेक्स्ट डेटा पर प्रशिक्षित AI मॉडल | दो नेटवर्क (जेनरेटर और डिस्क्रिमिनेटर) वाले AI मॉडल जो यथार्थवादी सामग्री उत्पन्न करते हैं | मॉडल जो पिछले अनुक्रम के आधार पर अगले मूल्य/टोकन की पूर्वानुमान करते हैं |
| **मुख्य उद्देश्य** | टेक्स्ट जनरेशन, ट्रांसलेशन, सारांशीकरण | इमेज जनरेशन, डीपफेक, डेटा संवर्द्धन | सीक्वेंस मॉडलिंग (टेक्स्ट, स्पीच, टाइम सीरीज़) |
| **सामग्री प्रकार** | **प्राइमरी टेक्स्ट** | प्राइमरी इमेज, वीडियो या ऑडियो | कोई भी सीक्वेंसींग डेटा (टेक्स्ट, स्पीच, ऑडियो) |
| **जनरेटिव AI से संबंध** | टेक्स्ट के लिये जनरेटिव AI का एक **उपसमूह** | मीडिया सामग्री के लिये एक **प्रकार का जनरेटिव AI** | एलएलएम और टाइम सीरीज़ मॉडल दोनों में उपयोग की जाने **वाली** तकनीक |
| **उदाहरण** | GPT-4, PaLM2, LLaMA | StyleGAN, CycleGAN | GPT, WaveNet, PixelRNN |

**और पढ़ें:** लार्ज लैंग्वेज मॉडल, नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टिम्स